आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.05.2026 / 09:20बजे

प्रादेशिक समाचार

''आज के मुख्य समाचार''

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने भाखड़ा बांध का दौरा कर बिजली उत्पादन के बुनियादी ढांचे की समीक्षा की–वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच उत्तरदायी जल प्रबंधन का किया आहवान।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–हर वर्ग के हित में किए जा रहे कार्यों के दम पर नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस ने किया बेहतरीन प्रदर्शन।
- रोहड़ू नगर परिषद के लिए आज मतदान जारी–महिला कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है मतदान प्रक्रिया का संचालन।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने आउटसोर्स भर्तियों को युवाओं के वैधानिक अधिकारों का हनन बताया।
- प्रदेश के कई भागों में हल्की वर्षा से तापमान में मामूली गिरावट–भीषण गर्मी व लू से मिली कुछ राहत।

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने बिलासपुर जिला में सतलुज नदी पर स्थित भाखड़ा बांध का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बिजली उत्पादन के बुनियादी ढांचे की समीक्षा की। उन्होंने बिजली उत्पादन मशीनरी का अवलोकन किया और इंजीनियरिंग व रखरखाव कर्मचारियों की तकनीकी विशेषज्ञता और समपर्ण की सराहना की। राज्यपाल ने जल संरक्षण और इस कीमती प्राकृतिक संसाधन के उत्तरदायी प्रबंधन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने के लिए और ऊर्जा आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए इसकी बेहद आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि कृषि और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में इस बांध की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार हर वर्ग के हित में काम कर रही है जिसके परिणामस्वरूप नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ने 25 शहरी निकायों में जीत दर्ज की है। उन्होंने

भाजपा पर लोगों के हितों को अनदेखा करने का आरोप भी लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा केंद्र सरकार से प्रदेश के आपदा प्रभावितों को एक बीघा जमीन भी नहीं दिलवा पाई।

मंत्रिमंडल

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पंचायत और शहरी निकाय चुनावों के बीच आज राज्य मंत्रिमंडल की अहम बैठक बुलाई है। राज्य सचिवालय में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली इस बैठक में आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग की पूर्व सहमति से ही जनहित और प्रशासनिक मामलों से जुड़े बड़े फैसले लिए जाएंगे। बैठक में आम जनता से जुड़े और प्रशासनिक दृष्टि से जरूरी मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

मतदान

शिमला जिला में रोहड़ू नगर परिषद के लिए आज मतदान हो रहा है। कुल 9 वार्डों के लिए मतदान आज सुबह 7 बजे से शुरू हुआ जो दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगा। मतदान के तुरंत बाद आज ही मतगणना होगी।

डिस्पेच

विशेष बात ये है की नगर परिषद रोहड़ू के सभी मतदान केंद्रों का संचालन इस बार पूर्ण रूप से महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा जो प्रदेश व देश स्तर पर एक अनूठी व प्रेरणादायी पहल है। इसके लिए सभी वार्डों में चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए 14 पोलिंग पार्टियों का गठन किया गया है जिनमें 80 महिला कर्मचारी शामिल हैं। ये महिला कर्मचारी केवल मतदान प्रक्रिया तक ही सीमित नहीं रहेंगी बल्कि मतगणना की जिम्मेदारी भी निभाएंगी।

जैव विविधता

आज अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस है। इस वर्ष दिवस का विषय : वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना है जो व्यापक वैश्विक लक्ष्यों से स्थानीय स्तर पर व्यावहारिक कार्रवाई की ओर बदलाव को दर्शाता है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक सोशल मीडिया पर कहा कि जैव विविधता की रक्षा करना न केवल एक वैश्विक प्रतिबद्धता है, बल्कि समुदायों, संस्थानों और सरकारों द्वारा साझा की जाने वाली एक स्थानीय जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि इस दिन भारत अपने स्थानीय संरक्षण के नायकों को सम्मानित करता है जो अक्सर गुमनाम नायक होते हैं। उन्होंने कहा कि शहरीकरण में वृद्धि के बीच, भारत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के माध्यम से प्रकृति–अनुकूल शहरों को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने बताया कि भारत मिशन

लाइफ और सतत विकास पहलों के माध्यम से वैश्विक जैव विविधता लक्ष्यों को सार्थक स्थानीय कार्यों में परिवर्तित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उच्च न्यायालय

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्डों व निगमों में बड़े पैमाने पर आउटसोर्स भर्तियों को लेकर सख्त रूख अपनाया है। अदालत ने कहा कि खाली पदों को नियमित रूप से भरने के बजाय बैक डोर एंट्री के जरिए नियुक्तियां की जा रही हैं जो युवाओं के वैधानिक अधिकारों का हनन और उनका शोषण है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य सचिव और प्रधान वित्त सचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 जून को होगी।

पर्यटन सीजन

पर्यटन सीजन के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एलायंस एयर ने शिमला–दिल्ली रूट पर सप्ताह के सातों दिन विमान सेवा संचालित करने का निर्णय लिया है। कंपनी की ओर से जारी नए शेड्यूल में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण शिमला एयरपोर्ट प्रबंधन को इसकी जानकारी दी गई है। अभी तक मंगलवार को इस रूट पर उड़ान सेवा उपलब्ध नहीं थी। नए शेड्यूल के अनुसार, शिमला–धर्मशाला रूट पर भी अब हफ्ते में छह दिन यानी सोमवार से शनिवार तक रोजाना फ्लाइट संचालित होगी। पहले इस रूट पर रविवार और मंगलवार को उड़ान सेवा बंद रहती थी। वीकेंड पर बड़ी संख्या में सैलानी शिमला पहुंचते हैं। ऐसे में रविवार को भी दिल्ली–शिमला–दिल्ली रूट पर विमान सेवा संचालित होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व लाहौल स्पीति में हल्की बूंदाबांदी होने से तापमान में हल्की गिरावट आई है। मौसम के इस बदले मिजाज से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार आज से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते कई भागों में बारिश व अंधड़ की संभावना है। विभाग ने किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य जिलों में आज और कल आंधी, बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

एचपीवी

केंद्र सरकार द्वारा देश में सर्वाइकल कैंसर को रोकने और महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष की किशोरियों को हयूमन पैपिलोमा वायरस का टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। हमारे चंबा जिला संवाददाता ने बताया कि जिले में भी स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण अभियान तेज कर दिया है।

*स्वास्थ्य विभाग चम्बा को पहले चरण में 4500 बेटियों को एच पी वी वैक्सीन लगाने का लक्ष्य दिया गया था और ये लक्ष्य समाप्ति की और पहुँच चुका है। रोजाना ये वैक्सीन फील्ड स्तर पर और अस्पतालों में बेटियों को लगाई जा रही है। इस टीकाकरण अभियान के तहत अभिभावकों को अपनी बेटियों का रजिस्ट्रेशन यू विन पोर्टल पर करना होगाए जिससे टीकाकरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जा सके। इस टीकाकरण को लेकर फैली भ्रान्तियों पर विराम लगाते हुए स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि ये टीका स्वास्थ्य के लिहाज से बिलकुल सुरक्षित है। इसलिए अभिभावक अपनी बेटियों को समय रहते ये टीका लगवाएं ताकि भविष्य में इस जानलेवा बीमारी से बचाव संभव हो सके।*

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

मौसम से जुड़ी खबर को आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने पहले पन्ने पर जगह दी है। अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल के 6 जिलों में लू का प्रकोप–आज और कल कई क्षेत्रों में बारिश व अंधड़ का अलर्ट। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है उफ ये गर्मी–पांच जिलों में लू चलने से छूटे पसीने। जबकि दिव्य हिमाचल के शब्द हैं तपते हिमाचल पर आज गिरेंगी फुहारें।

दैनिक जागरण की एक खबर है पंचायत चुनाव से पहले बिलासपुर में 50 बेलेट पेपर गायब।

दैनिक भास्कर ने हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है बददी–नालागढ़ रोड निर्माण में हो रही देरी के बारे में जवाब दे एन एच ए आई।

देश के बैस्ट 100 डी एम में हिमाचल के 5 डी सी को मिली जगह पंजाब केसरी की एक खबर है।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने भाखड़ा बांध का दौरा कर बिजली उत्पादन के बुनियादी ढांचे की समीक्षा की—वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच उत्तरदायी जल प्रबंधन का किया आहवान।

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा—हर वर्ग के हित में किए जा रहे कार्यों के दम पर नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस ने किया बेहतरीन प्रदर्शन।

- रोहड़ू नगर परिषद के लिए आज मतदान जारी—महिला कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है मतदान प्रक्रिया का संचालन।

- प्रदेश उच्च न्यायालय ने आउटसोर्स भर्तियों को युवाओं के वैधानिक अधिकारों का हनन बताया।

  प्रदेश के कई भागों में हल्की वर्षा से तापमान में मामूली गिरावट—भीषण गर्मी व लू से मिली कुछराहत।